YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली > बुधवार, 27 जनवरी 2016 > माघ 7 शक 1937 > माघ कृष्ण 3 विक्रम 2072 | nbt.in | पेज 14 > मूल्य 4.50 रु. या 8.5

नर्सरी एडमिशन में डिस्टेंस को मेगा पॉइंट

■ प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली

30-60 पॉइंट्स डिस्टेंस क्राइटेरिया को

20-25 पॉइंट्स सिबलिंग और अल्युमनी को

Sher Singh Saini

कई स्कूलों में पॉइंट्स का सिस्टम शुरू

नर्सरी में एडमिशन के लिए कैंडिडेट्स को स्कूलों ने पॉइंट देने शुरू कर दिए हैं। ज्यादातर स्कूलों ने सबसे ज्यादा 30 से 60 पॉइंट डिस्टेंस क्राइटेरिया को दिए हैं। इसके बाद 20 से 25 पॉइंट के साथ अलग-अलग सिबलिंग और अल्युमनी का नंबर आता है।

दिल्ली सरकार के मैनेजमेंट कोटा और 62 क्राइटेरिया खत्म करने के ऑर्डर के बाद भी पुराने क्राइटेरिया से एडमिशन प्रोसेस जारी है। स्कूलों की पिटिशन के खिलाफ जाते हुए हाई कोर्ट ने पुराने क्राइटेरिया के हिसाब से एडमिशन करवाने को कहा है। ऐसे में अल्युमनी, गर्ल चाइल्ड, फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व जैसे क्राइटेरिया को भी अच्छे खासे नंबर दिए जा रहे हैं। इस केस को लेकर हाई कोर्ट 28 जनवरी को फैसला देगी। ज्यादातर स्कूलों में पॉइंट्स देने का सिस्टम शुरू हो चुका है, मगर कई स्कूल फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

कुछ स्कूलों ने इलाकों को दूरी के हिसाब से ग्रुप में बांट दिया है। एल्कॉन इंटरनैशनल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अशोक पांडे कहते हैं, हमारे स्कूल ने बिल्कुल नजदीक के एरिया को एक ग्रुप में रखते हुए 45 पॉइंट दिए हैं। इन इलाकों से कुछ दूर के इलाकों को 35 पॉइंट और इनके अलावा जो एरिया हैं, वहां के कैंडिडेट्स को 25 पॉइंट दि‍ जा रहे हैं। बाल भारती पब्लिक स्कूल, जीआरएच रोड के प्रिंसिपल एस. वी. सहगल कहते हैं, हमने नजदीक के कैंडिडेट्स को अहमियत दी है। इसके हिसाब से डिस्टेंस के 50 पॉइंट्स होंगे। वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल रोहिणी और जूनियर स्कूल पीतमपुरा में डिस्टेंस को 60 पॉइंट दिया जा रहा है। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. डॉली जेटली का कहना है कि स्कूल के नजदीक रहने वाले बच्चों को मुश्किल न हो इसके लिए डिस्टेंस क्राइटेरिया को सबसे ज्यादा पॉइंट दिए जा रहे हैं। एम. एम. पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा की प्रिंसिपल रोमा पाठक ने बताया कि एडमिशन फॉर्मूले में डिस्टेंस के 50 पॉइंट्स तक होंगे। मॉउंट आबू स्कू रोहिणी स्कूल ने डिस्टेंस के लिए 50 पॉ रखे हैं।

कुछ स्कूल डिस्टेंस को 30 या इ कम पॉइंट भी दे रहे हैं। सरदार पं विद्यालय 0 से 6 किलोमीटर को 20 पॉ और इसके बाद 6 से 20 किलोमीटर पर रहने वाले स्टूडेंट्स को 18 से ले 6 पॉइंट दे रहा है। लोदी रोड के एसएप बाल भारती स्कूल ने 25 किलोमीटर त के कैंडिडेट को 25 पॉइंट के साथ च दिया है।

स्प्रिंगडेल्स स्कूल, पूसा रोड रेजिडेंशल क्राइटेरिया को 30 पॉइंट्स दि है। स्कूल की प्रिंसिपल अमिता वा वट्टल कहते हैं, जो बच्चे आसपास एरिया में रहते हैं, उन्हें हम 30 पॉइंट्स रहे हैं और जो स्कूल से दूर रहते हैं म खुद ट्रांसपोर्ट मैनेज कर सकते हैं उन्हें पॉइंट्स दिए जा रहे हैं। स्प्रिंगडेल्स तरह पश्चिम विहार के बॉस्को पब्लि स्कूल और लिटिल एंजल्स पब्लिक स्कू ने भी डिस्टेंस को 30 पॉइंट दिए हैं।

स्कूलों में रिपब्लिक डे की धूम

■ स, नई दिल्ली : दिल्ली के स्कूलों में रिपब्लिक डे की धूम रही। एमएम पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा में खास अंदाज में रिपब्लिक डे मनाया गया। इस मौके पर बच्चों के दादा-दादी को चीफ गेस्ट के तौर पर बुलाया गया था। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। सीनियर विंग के स्टूडेंट्स ने देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम पेश किया। वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल, रोहिणी और जूनियर स्कूल, पीतमपुरा में स्पेशल असेंबली आयोजित कर शहीदों को याद किया गया। वीएसपीके जूनियर स्कूल पीतमपुरा में नर्सरी क्लास के स्टूडेंट्स की परफार्मेंस को सभी ने सराहा।

विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मयूर विहार में भी स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रमों के जरिए यह रिपब्लिक डे मनाया।

S

per sq. cms

15